बदहाली — सरपंच के विकास दावों की खुली पोल, कार्यकाल पूरा होने को, लेकिन पंचायत प्रतिनिधियों ने मूंदी आंखें

# औघटखपरी में बदहाल सड़क से राहगीर हो रहे चोटिल



**नवभारत, मंडला।** मंडला जिले की ग्राम पंचायत औघटखपरी इन दिनों अपने विकास कार्यों को लेकर नहीं, बल्कि अपनी बदहाल सड़क को लेकर चर्चा का विषय बनी हुई है। गांव के बीचों-बीच से गुजरने वाली मुख्य सड़क की हालत इतनी दयनीय हो चुकी है कि यह अब ग्रामीणों के लिए सुविधा के बजाय भारी परेशानी और हादसों का मुख्य कारण बन गई है। सड़क पर जलभराव और गंदगी के चलते इतनी गहरी काई जम चुकी है कि उस पर पैदल चलना भी किसी बड़े जोखिम से कम नहीं रह गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस बदहाल और फिसलन भरी सड़क का सबसे ज्यादा खामियाजा स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भुगतना पड़ रहा है। आए दिन स्कूली बच्चे इस रास्ते पर फिसलकर गिर रहे हैं, जिससे उन्हें चोटें आ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अब तक कई लोग इस सड़क पर गिरकर घायल हो चुके हैं और हर समय किसी बड़े हादसे का डर बना रहता है। रात के अंधेरे में यह रास्ता और भी ज्यादा खतरनाक साबित होता है।

### आंखें बंद कर बैठे जिम्मेदार

ग्राम औघटखपरी के ग्रामीणों का कहना है कि सबसे अधिक हैरानी की बात यह है कि ग्राम पंचायत के जिम्मेदार प्रतिनिधि सरपंच, उपसरपंच और अन्य वार्ड सदस्य इसी गांव में निवास करते हैं और उनका भी प्रतिदिन इसी रास्ते से आना-जाना होता है। वे अपनी आंखों से इस दुर्दशा को देखते हैं, लेकिन इसके बावजूद सड़क की सफाई या मरम्मत को लेकर उनकी ओर से अब तक कोई ठोस पहल नजर नहीं आई है।

### विकास कार्यों की खुली पोल

वर्तमान सरपंच के कार्यकाल को लगभग पांच साल पूरे होने वाले हैं। ऐसे में पंचायत चुनाव नजदीक आते देख ग्रामीण अब तीखे सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि जब गांव की मुख्य सड़क ही सुरक्षित और चलने लायक नहीं है, तो आखिर पांच सालों में विकास के नाम पर पंचायत में क्या काम हुआ। सड़क की यह बदहाली कागजों पर किए जा रहे विकास के दावों की जमीनी हकीकत बयां कर रही है।

### जिम्मेदारों पर की जाए कार्रवाई

ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत प्रतिनिधियों का ध्यान गांव की मूलभूत समस्याओं को सुलझाने से ज्यादा अन्य चीजों पर है। अब स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि वह तत्काल औघटखपरी की इस बदहाल सड़क को संज्ञान में लेकर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों की अपील है कि जल्द से जल्द सड़क को सुरक्षित बनाया जाए और विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों से जवाब तलब किया जाए।

## पंचायतों के उप निर्वाचन की तैयारियां शुरू

**नवभारत, मंडला।** मंडला जिले में पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 (पूर्वार्द्ध) को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी हैं। कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी मंडला द्वारा इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु आधिकारिक पत्र जारी किया गया है। आगामी 23 सितंबर को रानी फूलकुंवर शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मंडला के छात्रावास में ई.वी.एम. मशीनों की कमिशनिंग की जाएगी। कमिशनिंग के बाद ई.वी.एम. मशीनों को मंडला के स्ट्रॉन्ग रूम से जनपद पंचायत मंडला, नैनपुर, मवई, नारायणगंज और बीजाडांडी के अस्थाई स्ट्रांग रूम में 23 सितंबर से 3 अक्टूबर 2026 तक सुरक्षित रखा जाएगा। सरपंच के रिक्त पदों के लिए मतदान 29 सितंबर 2026 को आयोजित किया जाएगा। इसके लिए रिटर्निंग ऑफिसर जनपद पंचायत से 28 सितंबर 2026 को प्रात: 10 बजे से मतदान दल अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अस्थाई स्ट्रांग रूम और मतदान दलों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सुरक्षा बल तैनात करने का अनुरोध किया गया है।

# घर-घर विराजे विघ्नहर्ता, जयकारों से गूंज उठा नैनपुर



### चारों ओर उत्सव एवं भक्ति का माहौल

**नवभारत, नैनपुर।** गणेश उत्सव के प्रथम दिन नगर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। गणपति बप्पा के स्वागत को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया।

इस दौरान 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ भगवान गणेश की प्रतिमाओं को अपने घरों एवं सार्वजनिक पंडालों तक पहुंचाया और जगह-जगह पुष्पवर्षा कर विघ्नहर्ता का भव्य स्वागत किया। बच्चे ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर उत्साह के साथ गणपति की अगवानी करते नजर आए। परिवारों में भी प्रथम पूजन को लेकर विशेष उमंग रही। गणेश उत्सव को लेकर बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में भी विशेष उत्साह दिखाई दिया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री गणेश से नगर में सुख-शांति, समृद्धि और आपसी भाईचारा बनाए रखने की प्रार्थना की।

### बस स्टैंड में विराजमान बम्हनी के महाराजा



**नवभारत, मंडला।** सनातन सेवा मंडल के तत्वाधान में बम्हनी बंजर के हृदय स्थल बस स्टैंड में गणपति जी की भव्य प्रतिमा विराजित हुई है। लम्बे समय के बाद बम्हनी बस स्टैंड में गणेश प्रतिमा की पुन: स्थापना स्थानीय नगर के साथ साथ आसपास के क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। विशेष साज सज्जा एवं भव्य प्रतिमा दर्शन का केंद्र बनी हुई है बम्हनी के महाराजा के दर्शन करने भक्तों का ताँता लग रहा है एवं प्रतिदिन होने वाली संगीतमय आरती में भक्तजन बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इस आयोजन में सनातन सेवा मंडल के युवा उत्साही कार्यकर्ता तन मन धन से प्रतिदिन सेवाएं दे रहे हैं।

# मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता



**नवभारत, नारायणगंज।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पीएम श्री शासकीय एकीकृत हाई स्कूल मानेगांव में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा एवं अभिव्यक्ति क्षमता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर राष्ट्रीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छ, शिक्षित, विकसित, आत्मनिर्भर एवं संस्कारवान भारत की कल्पना को चित्रों और भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया।

प्रतियोगिता के बाद निर्णायक मंडल की टीम द्वारा विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया गया। इसमें प्रथम स्थान प्रतिभा झारिया, द्वितीय जेनब मंसूरी एवं तृतीय स्थान भागवती मसराम ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशन लाल तेकाम, विशिष्ट अतिथि सुनीता मसराम (सरपंच), राजो बाई, सेवकली बाई एवं भारत पट्टा उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और उनमें देशप्रेम, जिम्मेदारी एवं सकारात्मक सोच विकसित होती है।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में प्राचार्य अंग्रेज सिंह उइके सहित शिक्षक नरेश सैयाम, उत्तम कोरी, तीरथ मसराम, मनोज झारिया, लखन तेकाम, सतीश तेकाम, दयाराम मसराम, मुन्नी मिलथरे, आयशा बानो, सारिका पटेल एवं रीना धुर्वे सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। अंत में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।

एसडीएम के खिलाफ कलेक्टर को ज्ञापन, कार्रवाई निरस्त करने की मांग

# दुर्व्यवहार, धमकी और बिना नोटिस निलंबन से भड़का पटवारी संघ



मंडला नवभारत 19 सितंबर जिले में पटवारियों और जिला प्रशासन के बीच टकराव थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन किसी न किसी निर्देश या आदेश को लेकर विवाद की स्थिति बन रही है। बीते दिनों मंडला एसडीएम के विरोध के बाद शनिवार को जिला पटवारी संघ ने एसडीएम घुघरी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

भारी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे पटवारियों ने एसडीएम घुघरी पर दुर्व्यवहार, अनावश्यक दबाव बनाने, सार्वजनिक रूप से अपमानित करने और मानसिक प्रताडऩा देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। तहसील अध्यक्ष समकुमार मार्को और प्रांताध्यक्ष उपेन्द्र सिंह बघेल के हस्ताक्षर वाले ज्ञापन में एसडीएम के आचरण की समीक्षा करने और पटवारी के निलंबन की कार्रवाई को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई है। संघ का कहना है कि प्रांतीय आह्वान पर प्रदेशभर के पटवारी स्वामित्व योजना के कार्यों से पूरी तरह अलग हैं और इसकी लिखित सूचना प्रशासन को पहले ही दी जा चुकी है। इसके बावजूद एसडीएम घुघरी संस्कार बावेरिया द्वारा पटवारियों पर कार्य करने का अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है।

**निलंबन की प्रक्रिया और कारणों पर भी उठाए सवाल-** पटवारी संघ ने निलंबन आदेश में बताई गई विसंगतियों को भी उजागर किया है। संघ का कहना है कि निलंबन आदेश में फार्मर आईडी और सीएम हेल्पलाइन की जिन तीन शिकायतों का जिक्र है, वे एक ही परिवार के सदस्यों द्वारा की गई हैं, जो वर्तमान में बिछिया तहसील क्षेत्र में निवास करते हैं।

## एक नजर में

### 23 को मनाया जाएगा 11वां आयुर्वेद दिवस

**नवभारत, मंडला।** कार्यालय जिला आयुष्य अधिकारी, मण्डला द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस वर्ष 11वां आयुर्वेद दिवस आगामी 23 सितम्बर को उत्साह के साथ आयोजित किया जा रहा है। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार और संचालनालय आयुष म.प्र., भोपाल के निर्देशानुसार इस राष्ट्रीय पर्व की तैयारी की जा रही है। आयुर्वेद दिवस 2026 की मुख्य थीम स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत बेहतर स्वास्थ्य परिणामों के लिए एकीकृत स्वास्थ्य देखभाल, सामुदायिक कल्याण एवं सतत जीवन शैली के लिए आयुर्वेद, क्विज, निबंध, वाद-विवाद, पोस्टर, पेंटिंग, फोटोग्राफी एवं लघु वीडियो प्रतियोगिताएं, आयुर्वेद खाद्य महोत्सव एवं मोटे अनाज आधारित पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन, जिला चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एकीकृत स्वास्थ्य एवं वेलनेस शिविर, माहिष्मती घाट पर होगा। मुख्य स्वास्थ्य शिविर, जिला स्तर, विकासखंड व ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, पंचायत, वन, उद्यानिकी, कृषि, जनजातीय कार्य, पर्यटन तथा जनसंपर्क विभागों के समन्वय से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### 22 से 27 अक्टूबर तक होगी अयोध्या-काशी यात्रा

**नवभारत, मंडला।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत मण्डला जिले के वरिष्ठ नागरिकों के लिए तीर्थ यात्रा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इस योजना के अंतर्गत मण्डला जिले के 196 यात्रियों को अयोध्या और काशी की तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। जिले के लिए अयोध्या-काशी तीर्थ यात्रा 22 अक्टूबर से 27 अक्टूबर 2026 तक आयोजित की जाएगी। 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्ति (महिलाओं के मामले में आयु सीमा में 2 वर्ष की छूट) जो आयकरदाता नहीं हैं, वे इस यात्रा के लिए पात्र हैं। इच्छुक 196 व्यक्तियों को 23 सितंबर तक अपने आवेदन जिले के सभी तहसीलदारों के पास जमा करने होंगे। यात्रा के सफल क्रियान्वयन और समन्वय के लिए संयुक्त कलेक्टर सोनल सिडाम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने 35 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत, मंडला।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मंडला द्वारा जिला आजीविका मिशन के तत्वावधान में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित 35 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का 11 सितंबर को समापन हुआ। प्रशिक्षण में स्व-सहायता समूहों से जुड़ी एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाली 23 महिलाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ब्यूटी पार्लर से संबंधित विभिन्न व्यावहारिक कार्यों के साथ व्यक्तित्व विकास, स्वरोजगार की स्थापना तथा व्यवसाय संचालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद प्रतिभागियों का लिखित एवं मौखिक मूल्यांकन भी किया गया। समापन कार्यक्रम में सेंट-आरसेटी के निदेशक राजेश राय ने बैंक ऋण एवं विभिन्न बीमा योजनाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं को स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने और आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर के.के. अवस्थी, यश मोहन उराठे, आशिष अमावला, अमित यादव, भागवती बाई, अन्नू पटेल सहित अन्य अतिथि एवं संस्थान के कर्मचारी उपस्थित रहे।



# जगन्नाथ स्कूल में स्कूटी वितरण का देखा गया सीधा प्रसारण

**नवभारत, मंडला।** शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में छात्र-छात्राओं के लिए स्कूटी वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकडे ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत एवं लगन के साथ अध्ययन कर अधिकतम अंक प्राप्त करने का आह्वान किया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों कृषि संकाय के छात्र माखन भावरे एवं कला संकाय की छात्रा श्रेया रजक को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बोर्ड परीक्षा प्रभारी बी.के. चौरसिया, शिक्षक नत्थू सिंह घोसी, दिलेन्द्र सिंगोर, छात्रावास अधीक्षक दशरथ कुशराम एवं मोहिनी कुशराम सहित विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। उपस्थित शिक्षकों एवं अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना की।

## पीएम मोदी के जन्मोत्सव पर जलाए दीप



**नवभारत, नारायणगंज।** ग्राम पंचायत देवरी के अंतर्गत बाबा देवरी दुर्गा मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनीतिक जीवन के महत्वपूर्ण 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर लाड़ली बहनों, बच्चियों एवं ग्रामीणों ने दीप प्रज्वलित कर जन्मोत्सव मनाया। मां जगत जननी के दरबार में दीप जलाकर प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा कृष्ण कुमार झारिया के साथ पहलाद पटेल, अनुसूया सिंगरौरे, शशि बाई, चमरी बाई, राजकुमारी, बिपासा बाई, पूजा, मुन्नी बाई, आरती, नेहा, कौशल्या, पूनम, मदुरू बाई, संध्या सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।


## पीएम के जन्मदिवस पर रोपा पौधा, संरक्षण का लिया संकल्प



**नवभारत, नारायणगंज।** तरु मित्र सोशल फाउंडेशन सोसायटी द्वारा प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर, गुरुवार को सुबह 7 बजे नारायणगंज मुक्तिधाम परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान परिसर में 10 पौधों का रोपण किया गया। पौधों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर समर्पित करते हुए उनके संरक्षण और पेड़ बनने तक देखभाल करने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत नारायणगंज अध्यक्ष आशाराम भारतीय, उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष किशन टेकाम सहित पप्पू नामदेव, रतन ठाकुर, मनोज मिश्रा, मृदु साहू एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे। तरु मित्र फाउंडेशन के सदस्यों अभिलाष शर्मा, आलोक साहू, अमित सिंगरोरे, सोमनाथ चक्रवर्ती, ब्रजेश सिंगरोरे, मनीष बर्मन, शुभम जैन, मन्नू ठाकुर, मयंक अग्रवाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# दिल में छेद की बीमारी से जूझ रहे खुशाल को मिला नि:शुल्क इलाज



### दो वर्षीय बालक अब स्वस्थ जीवन की ओर

**नवभारत, मंडला।** मंडला जिले के नैनपुर तहसील के ग्राम पोंड़ी निवासी 2 वर्षीय खुशाल नागवंशी के लिए सरकारी स्वास्थ्य योजनाएं जीवन में नई उम्मीद लेकर आईं। दिल में छेद की बीमारी के कारण खुशाल को सांस फूलने और बार-बार तबीयत खराब होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण महंगे इलाज की चिंता भी बनी हुई थी।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सालय मंडला की टीम ने समय पर खुशाल की बीमारी की पहचान की। इसके बाद उसे बेहतर उपचार के लिए एसआरसीसी चिल्ड्रेन्स हॉस्पिटल, नारायणा हृदयालय, मुंबई रेफर किया गया। आरबीएसके के सहयोग से आवश्यक जांचें कराई गईं और आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उसका उपचार नि:शुल्क कराया गया।

### सफल सर्जरी से मिला नया जीवन

विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा खुशाल के हृदय में छेद की सफल सर्जरी की गई। उपचार के बाद उसकी सेहत में लगातार सुधार हुआ और अब खुशाल स्वस्थ है तथा सामान्य रूप से अपनी दैनिक गतिविधियां कर पा रहा है। खुशाल के माता-पिता ने अपने बच्चे को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए शासन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला चिकित्सालय मंडला के सिविल सर्जन एवं त्ठैज्ञ टीम के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। खुशाल की कहानी यह संदेश देती है कि समय पर जांच, सही रेफरल और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे बच्चों को बेहतर उपचार और स्वस्थ जीवन का अवसर मिल सकता है।

मांग — लंबित भुगतान, खाद्यान्न की कमी और आंगनवाड़ी योजना में सुधार की मांग

# रसोइया बहनों की समस्याओं की महासंघ ने उठाई आवाज



**नवभारत, नारायणगंज।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में संचालित सांझा चूल्हा योजना से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूहों और रसोइया बहनों की समस्याओं को लेकर प्रांतीय महिला स्व-सहायता समूह महासंघ (म.प्र.) ने शासन को पत्र भेजकर लंबित भुगतान एवं खाद्यान्न की समस्या के निराकरण की मांग की है।

महासंघ की प्रदेश अध्यक्ष सरिता ओमप्रकाश सिंह बघेल ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती निर्मला भूरिया को पत्र भेजकर बताया कि स्व-सहायता समूहों की महिलाएं कई वर्षों से पूरी निष्ठा के साथ बच्चों को भोजन एवं नाश्ता उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी निभा रही हैं। इसके बावजूद समय पर राशि और खाद्यान्न नहीं मिलने से समूहों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### तिथि पर भुगतान की मांग

महासंघ ने मांग की है कि स्व-सहायता समूहों को हर माह निर्धारित तिथि पर राशि का भुगतान किया जाए, ताकि उन्हें कर्ज लेकर योजना संचालित न करनी पड़े। साथ ही सांझा चूल्हा योजना में वर्तमान में उपलब्ध कराए जा रहे खाद्यान्न एवं राशि को वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप बढ़ाकर 100 प्रतिशत मानक के अनुसार उपलब्ध कराने की मांग की गई है। वहीं प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत रसोइया बहनों की जून माह की 15 दिवस की लंबित राशि, जो लगभग 2 लाख 32 हजार रसोइया बहनों से संबंधित बताई गई है, तत्काल जारी करने की मांग भी की गई है। महासंघ ने वर्ष 2024, 2025 एवं 2026 की लंबित राशि के भुगतान तथा भविष्य में भुगतान में अनावश्यक विलंब नहीं होने की मांग शासन से की है।